अमर उजाला 12/02/2023

# कॉलेज में स्वयंसेवकों को बताए सूर्य नमस्कार के लाभ



शिविर में सूर्य नमस्कार का अभ्यास करते जीएमएन कॉलेज के स्वयंसेवक। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज छावनी एनएसएस यूनिट की ओर से गांव खुड्डा कलां में चलाए जा रहे सात दिवसीय शिविर का आरंभ गायत्री मंत्र और सूर्य नमस्कार से हुआ। स्वयंसेवकों को सूर्य नमस्कार के लाभ के बारे में बताया। सत्र के आरंभ में आत्मनिर्भर भारत समृद्ध भारत पर सीताराम की ओर से विशेष व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने भारत के समृद्ध अतीत पर बात की। उन्होंने कहा कि युवा ही भारत के मानचित्र को वैभवशाली बना सकते हैं। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि हमारे स्वयंसेवक गांव में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में भाग ले रहे हैं और हमारे स्वयंसेवकों को आत्मनिर्भर भारत की व्यवहारिक छवि को प्रस्तुत किया गया। उन्हें गत्ता बनाने के कारखाने में ले जाया गया।